तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.05.2026	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी आज भी बावजूद सूचना के अनुपस्थित। अधिवक्ता विपक्षी संख्या 4 उपस्थित। विपक्षी संख्या 05 की तामील अब तक शेष है। अधिवक्ता प्रार्थी ने आज भी विपक्षी संख्या 05 की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया तथा बावजूद सूचना के उपस्थित भी नहीं है। अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रकरण में दिनांक 22.09.2023 के पश्चात् आदिनांक तक अर्थात् लगभग 02 वर्ष 08 माह की अवधि व्यतीत होने के बाद भी आदिनांक तक विपक्षी संख्या 05 की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया। अधिवक्ता प्रार्थी को नोटिस प्रोसेस पेश करने हेतु पर्याप्त अवसर दिए गए तथा न्यायहित में नोटिस प्रोसेस पेश करने हेतु दिनांक 05.05.2026 को अंतिम अवसर देते हुए निर्देशित किया गया कि आगामी पेशी पर नोटिस प्रोसेस पेश नहीं करने तथा अनुपस्थित रहने पर कोई अवसर देय नहीं होकर पत्रावली खारिज कर दी जावेगी फिर भी उनके द्वारा आज भी विपक्षी संख्या 05 की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया है तथा वे प्रकरण में दिनांक 24.02.2026 से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं अर्थात् वे अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। अतः अब प्रकरण आदेश 09 नियम 05 सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। सत्यमेव जयते Web Copy - Not Official	